पटना में दिनांक–05 सितम्बर, 2023 मंगलवार को अपराह्न 4:30 बजे हुई मंत्रिपरिषद् की बैठक की कार्यवाही। मुख्यमंत्री ने बैठक की अध्यक्षता की।

निम्नलिखित निर्णय लिये गये :–

## अनु०जाति एवं अनु०जनजाति कल्याण विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित सभी आवासीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को आवासन की अवधि में भोजन (जलपान सहित) की व्यवस्था, पोशाक की आपूर्ति, विद्यालय परिसर की साफ–सफाई तथा वस्त्रों की धुलाई की सेवा का कार्य संशोधित दर पर बिहार वित्त नियमावली, 2005 के नियम 131ज्ञ(ड़) के अलोक में बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठन के माध्यम से किये जाने एवं व्यय की स्वीकृति। | 1. स्वीकृत। |

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 2. | बिहार राज्य वक्फ विकास योजनान्तर्गत इमामबांदी बेगम वक्फ इस्टेट पंजीयन सं०–01/पटना, गुलजारबाग, पटना अवस्थित परिसर में वक्फ भूमि पर G+5 बहुउद्देशीय भवन निर्माणकार्य हेतु कार्यकारी एजेन्सी बिहार राज्य भवन निगम लि०, पटना द्वारा केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कुर्सी क्षेत्रफल दर 2021 पर संशोधित तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन की राशि ₹3954.13 लाख रूपये (उन्चालीस करोड़ चौवन लाख तेरह हज़ार रूपये) की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में। | 2. स्वीकृत। |

## कृषि विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 3. | चतुर्थ कृषि रोड मैप के अंतर्गत डी०पी०आर० के अधीन दलहन फसलों के विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2023–24 में दलहन मिशन कार्यक्रम अन्तर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत कुल 108.5935374 करोड़ (एक सौ आठ करोड़ उनसठ लाख पैंतीस हजार तीन सौ चौहत्तर) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन तथा निकासी एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में। | 3. स्वीकृत। |

## कृषि विभाग

| | | |
|---|---|---|
| 4. | चतुर्थ कृषि रोड मैप (डी०पी०आर०) अन्तर्गत केन्द्र प्रायोजित योजना ''एकीकृत बागवानी विकास मिशन'' की उपयोजना ''राष्ट्रीय बागवानी मिशन'' (60:40) के कार्यक्रमों के वित्तीय वर्ष 2023–24 में कार्यान्वयन हेतु कुल 4608.75 लाख (छियालीस करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार) रूपये मात्र जिसमें केन्द्रांश 2400.00 लाख (चौबीस करोड़) रूपये एवं समानुपातिक राज्यांश 1600.00 लाख (सोलह करोड़) रूपये तथा राज्य योजना मद से अतिरिक्त टॉप–अप 608.75 लाख (छः करोड़ आठ लाख पचहत्तर हजार) रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में। | 4. स्वीकृत। |

## कृषि विभाग

5. चतुर्थ कृषि रोड मैप (डी०पी०आर०) के तहत कृषकों के खेत तक सिंचाई उपलब्ध कराने हेतु प्रति बूंद अधिक फसल (60:40) अन्तर्गत सूक्ष्म सिंचाई तथा अन्य अंतःक्षेप अवयव (80:20) का वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल 12561.710 लाख (एक सौ पच्चीस करोड़ एकसठ लाख एकहत्तर हजार) रूपये की लागत पर योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति जिसमें केन्द्रांश 5622.126 लाख (छप्पन करोड़ बाइस लाख बारह हजार छः सौ) रूपये, समानुपातिक राज्यांश 3748.084 लाख (सैंतीस करोड़ अड़तालीस लाख आठ हजार चार सौ) रूपये तथा राज्य योजना से अतिरिक्त सहायता (टॉप–अप) 3191.500 लाख (एक्तीस करोड़ एकानवे लाख पचास हजार), रूपये की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

5. स्वीकृत।

## कृषि विभाग

6. बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि–1 (शष्य) 2014 की नियमावली में संशोधन करने हेतु बिहार कृषि अधीनस्थ सेवा कोटि–1 (शष्य) भर्त्ती, प्रोन्नति एवं सेवा शर्त्त (संशोधन) नियमावली, 2023 की स्वीकृति।

6. स्वीकृत।

## कृषि विभाग

7. कृषि रोड मैप (चतुर्थ) के अंतर्गत सब मिशन ऑन एग्रीकल्चरल मेकेनाईजेशन योजना का चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में कार्यान्वयन एवं केन्द्रांश मद में 3866.23 लाख (अड़तीस करोड़ छियासठ लाख तेईस हजार) रू० एवं राज्यांश 2577.48 लाख (पच्चीस करोड़ सतहत्तर लाख अड़तालीस हजार) रू० कुल 6443.71 लाख (चौसठ करोड़ तेतालीस लाख एकहत्तर हजार) रूपये मात्र की निकासी एवं व्यय की स्वीकृति के संबंध में।

7. स्वीकृत।

## ऊर्जा विभाग

8. बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के अन्तर्गत राज्य भार प्रेषण केन्द्र (SLDC) में सुदृढ़ स्वचालित संचार प्रणाली द्वारा डेविऐशन सेटलमेंट मेकेनिज्म (DSM) को नियंत्रित करने तथा संचरण प्रणाली में बेहतर स्थिरता प्रदान करने हेतु एकीकृत कमांड और नियंत्रण केन्द्र (Integrated Command and Control Centre) की स्थापना एवं क्रियान्वयन हेतु कुल 44.51 करोड़ (चौवालीस करोड़ इक्यावन लाख) रूपये की योजना की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।

8. स्वीकृत।

## गृह विभाग
(कारा)

9. श्री शिवेन्द्र प्रियदर्शी, बिहार कारा सेवा, तत्कालीन उप महानिरीक्षक (प्र०), कारा एवं सुधार सेवाएँ, बिहार, पटना (सम्प्रति निलंबित) संलग्न शहीद खुदीराम बोस केन्द्रीय कारा, मुजफ्फरपुर की सेवा से बर्खास्तगी के संबंध में। — 9. स्वीकृत।

## नगर विकास एवं आवास विभाग

10. शहरी गरीबों के लिए सामाजिक जागरूकता, संस्थागत विकास एवं जीविकोपार्जन योजनाओं का क्रियान्वयन सभी नगर निकायों में जीविका के माध्यम से कराने के संबंध में। — 10. स्वीकृत।

## नगर विकास एवं आवास विभाग

11. राष्ट्रीय हरित अधिकरण द्वारा ''मूल आवेदन सं०–606/2018 अन्तर्गत नगरपालिका ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2016 एवं अन्य पर्यावरण के मुद्दे'' में पारित आदेश के अनुपालन में रिंग फेन्सड खाता संधारित करने एवं उसके माध्यम से ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु 4000.00 करोड़ (चार हजार करोड़ रूपये) के व्यय की स्वीकृति के संबंध में। — 11. स्वीकृत।

## पर्यटन विभाग

12. सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुनौराधाम मंदिर के विकास हेतु प्राक्कलित राशि 72,47,00,000/–(बहत्तर करोड़ सैंतालीस लाख) रूपये मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति। — 12. स्वीकृत।

## पर्यटन विभाग

13. गया जिलान्तर्गत ''गया जी धाम'' में धर्मशाला के निर्माण हेतु प्राक्कलित राशि 1,20,15,85,000/–(एक सौ बीस करोड़ पन्द्रह लाख पचासी हजार) रूपये मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति। — 13. स्वीकृत।

## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

14. ''राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय /राजकीय पोलिटेकनिक / राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थान, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष संवर्ग (संशोधन) नियमावली– 2023'' की स्वीकृति के संबंध में। — 14. स्वीकृत।

## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

15. विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत संचालित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालयों/राजकीय पोलिटेकनिक संस्थानों/राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, पटना में कार्यालय परिचारी संवर्ग के पूर्व से सृजित कुल–744 (सात सौ चौवालिस) पदों के पुनर्गठन के संबंध में। — 15. स्वीकृत।

## विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

16. विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत मुख्यालय स्तर पर पूर्व में सृजित कुल छः (06) पदों के प्रत्यर्पण एवं कुल चौंतीस (34) पदों के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 16. स्वीकृत।

## सामान्य प्रशासन विभाग

17. वर्ष 2024 के लिए बिहार सरकार के कार्यालयों में अवकाश और निगोसियेबुल इन्स्ट्रूमेंट्स ऐक्ट के अन्तर्गत बिहार राज्य में अवकाश की घोषणा। — 17. स्वीकृत।

## सामान्य प्रशासन विभाग

18. स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना में सृजित बिहार न्यायिक सेवा के सब जज स्तर के विधि पदाधिकारी के एक पद को प्रतिनियुक्ति अवधि तक जिला न्यायाधीश (प्रवेश बिन्दु) के समकक्ष अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के रूप में उत्क्रमित करने की स्वीकृति के संबंध में। — 18. स्वीकृत।

## शिक्षा विभाग

19. SPQEM (Scheme for Providing Quality Education in Madarsas) अन्तर्गत केन्द्रांश की प्रत्याशा में राज्य योजना से राज्य के अराजकीय प्रस्वीकृत अनुदानित मदरसों में नियुक्त एवं कार्यरत विज्ञान शिक्षकों के नियत मानदेय भुगतान एवं बकाया मानदेय भुगतान तथा माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में लिये गये विभागीय निर्णय के आलोक में इंटरस्तरीय विज्ञान शिक्षकों के बकाया मानदेय भुगतान हेतु कुल ₹9,98,00,000/–(नौ करोड़ अंठानवे लाख) रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति के संबंध में। — 19. स्वीकृत।

## स्वास्थ्य विभाग

20. बिहार मानसिक स्वास्थ्य देखभाल (राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण) विनियम, 2023 की स्वीकृति। — 20. स्वीकृत।

## राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

21. नालन्दा जिला के अंचल–बिहारशरीफ, मौजा– महानन्दपुर, थाना सं०–326, खाता सं०–376 के खेसरा सं०–01, रकबा–10 एकड़ किस्म गैरमजरूआ मालिक वो ठीकेदार परती कदीम भूमि को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सेनिटरी लैण्ड फिल साईट के निर्माण हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को निःशुल्क हस्तान्तरण के संबंध में। — 21. स्वीकृत।

## पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

22. चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजना के तहत "मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना" हेतु कुल रूपये 57,41,12,000/– (संतावन करोड़ एकतालीस लाख बारह हजार रू०) मात्र की लागत पर योजना एवं व्यय की स्वीकृति तथा स्वीकृत अनुदान दर एवं शर्तो के अनुरूप उक्त योजना को आगे के वर्षो में भी कार्यान्वयन की स्वीकृति के संबंध में। — 22. स्वीकृत।

## ऊर्जा विभाग

23. मुख्यमंत्री नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा योजना जल–जीवन–हरियाली अभियान के अन्तर्गत राज्य के सभी सरकारी भवनों के छतों पर ग्रिड कनेक्टेड सोलर पावर प्लांट, ग्राउन्ड माउन्टेड सोलर पावर प्लांट, सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी जलाशयों पर फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट तथा सोलर स्ट्रीट लाईट अधिष्ठापन की योजना के कार्यान्वयन, अनुश्रवण एवं रख–रखाव के लिए परियोजना प्रबन्धन इकाई (PMU) की स्थापना हेतु तीन वर्ष की अवधि के लिए कुल 29.30 करोड़ (उनतीस करोड़ तीस लाख) रूपये की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। — 23. स्वीकृत।

## योजना एवं विकास विभाग
(अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय)

24. अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय (योजना एवं विकास विभाग) अंतर्गत सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी के 158 पदों के सृजन के संबंध में। — 24. स्वीकृत।

## मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग

25. राज्यपाल सचिवालय, बिहार, पटना के लिए कम्प्यूटर ऑपरेटर–सह–केयर टेकर का 01 (एक) छायापद के सृजन की स्वीकृति के संबंध में। — 25. स्वीकृत।

## स्वास्थ्य विभाग

26. राज्य के गोपालगंज जिला में राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के निर्माण हेतु बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना से तकनीकी अनुमोदन प्राप्त मॉडल प्राक्कलन के आधार पर रू० 2,99,78,00,000/–(रूपये दो अरब निन्यानवे करोड़ अठहतर लाख) मात्र की लागत पर वित्तीय वर्ष 2023–24 में योजना की प्रशासनिक स्वीकृति। — 26. स्वीकृत।

**स्वास्थ्य विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 27. | श्री विश्व मोहन शर्मा, माननीय पूर्व सदस्य, बिहार विधान सभा के कैंसर रोग की प्रोटॉन थेरेपी से करायी गयी चिकित्सा पर हुए व्यय राशि रू० 27,00,000/–(सताईस लाख रूपया) मात्र एवं श्री मनस्वी पाल, पिता–श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना की करायी गयी शल्य चिकित्सा के अन्तर्गत SEUS guided cystogastrostomy SEMS + Plastic stent पर हुए व्यय राशि रू० 5,00,000/–(पाँच लाख रूपया) मात्र की प्रतिपूर्ति की स्वीकृति के संबंध में। | 27. | स्वीकृत। |

**स्वास्थ्य विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 28. | राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, छपरा (सारण) में 500 बेड के अस्पताल के लिए मेडिकल उपकरण आदि की आपूर्ति हेतु बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना से प्राप्त उपकरणों की सूची एवं इस पर व्यय होने वाले राशि की विवरणी के आधार पर वित्तीय वर्ष 2023–24 में कुल रू० 73,02,44,000/–(रूपये तिहत्तर करोड़ दो लाख चौवालिस हजार) मात्र की लागत पर स्कीम (योजना) की प्रशासनिक स्वीकृति। | 28. | स्वीकृत। |

**जल संसाधन विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29. | श्री अरूण कुमार सिन्हा (आई०डी०संख्या–4019), कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल, बिहारशरीफ (मूल धारित पद कार्यपालक अभियंता (असै०)) को उनकी वार्धक्य सेवानिवृत्ति (दिनांक 31.08.2023) के उपरांत आगामी 01 (एक) वर्ष हेतु अर्थात दिनांक 01.09.2023 से दिनांक 31.08.2024 तक संविदा के आधार पर कार्यपालक अभियंता (असै०) के मूल धारित पद के वेतनमान् में नियोजित करते हुये उक्त पद के वेतनमान् के अनुरूप निर्धारित मानदेय पर कार्यपालक अभियन्ता, सिंचाई प्रमण्डल, बिहारशरीफ के पद का प्रभार प्रदान किये जाने की घटनोत्तर स्वीकृति के संबंध में। | 29. | स्वीकृत। |

**वित्त विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30. | अंकेक्षण निदेशालय, वित्त विभाग के नियंत्रणाधीन आशुलिपिकों/आशुटंककों की भर्ती, प्रोन्नति एवं अन्य सेवा शर्तों को विनियमित करने हेतु नियमावली गठित करने के संबंध में। | 30. | स्वीकृत। |

**स्वास्थ्य विभाग**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 31. | मुंगेर जिलान्तर्गत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निर्माण हेतु अंचल–जमालपुर, मौजा–संदलपुर, थाना–179 अन्तर्गत रकबा 14.7681 एकड़ रैयती भूमि को बिहार रैयती भूमि सतत लीज नीति के तहत प्राप्त करने हेतु अनुमानित मूल्य रू० 1,51,13,09,700/– (रूपये एक अरब इक्यावन करोड़ तेरह लाख नौ हजार सात सौ) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति। | 31. | स्वीकृत। |

## शिक्षा विभाग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32. | राज्य योजना अन्तर्गत पटना विश्वविद्यालय, पटना अन्तर्गत विज्ञान ब्लॉक (G+7), नये बालिका छात्रावास (02 ब्लॉक, G+9) एवं स्टॉफ क्वार्टर (G+3) के निर्माण हेतु कुल रू० 1,63,60,29,000/-(एक अरब तिरसठ करोड़ साठ लाख उनतीस हजार रूपये) मात्र की योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में। | 32. | स्वीकृत। |